KAMAYANI
Foundation
—Women's Power, Nation's Power—

# NGO PROFILE



Office: FF-116, Meridian View Plaza, Alpha-1, Commercial Belt,
Greater Noida - 201310 (U.P.)

kamayanifoundation@gmail.com +91 9220743714

KAMAYANI
Foundation

# कामायनी फाउंडेशन

## परिचय

कामायनी फ़ाउंडेशन एक सामाजिक, शैक्षिक एवं मानव सेवा के क्षेत्र में कार्यरत गैर-लाभकारी संगठन है।
यह संस्था समाज के वंचित, जरूरतमंद और पिछड़े वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए समर्पित है।
संस्था का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता के माध्यम से एक सशक्त और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करना है।



KAMAYANI
Foundation
—Women's Power, Nation's Power—

# Ngo Registration Profile

| | |
|---|---|
| Section -8 Registration No: | U88100UP2024NPL213497 |
| Pan No.: | AALCK4533E |
| Niti Ayog Registration No: | UP/2024/0479420 |
| 12A Registration No: | AALCK4533EE20241 |
| 80G Registration No: | AALCK4533EF20251 |
| CSR01 Registration No: | CSR00093775 |
| Regd. Office : | Birondi, Chakrasenpur, Alpha Greater Noida, Gautam Buddha Nagar, Noida, Uttar Pradesh, India - 201310 |
| E-mail: | kamayanifoundation@gmail.com |
| Contact No.: | +91 9220743714 |

**Let's work together to build a brighter future for all!**

# हमारे बारे में

कामायनी फ़ाउंडेशन एक पंजीकृत, गैर-लाभकारी सामाजिक संस्था है, जिसकी स्थापना समाज के समग्र उत्थान और वंचित समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई। इस संस्था की नींव श्री प्रवीन कुमार एवं श्री मनोज कुमार द्वारा उस दृढ़ संकल्प के साथ रखी गई थी कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण जैसे मूलभूत क्षेत्रों में ठोस और सतत प्रयासों के माध्यम से समाज में सकारात्मक एवं दीर्घकालिक परिवर्तन लाया जा सके। कमायनी फ़ाउंडेशन का मूल विश्वास है कि "महिला सशक्तिकरण ही वास्तविक सामाजिक परिवर्तन की कुंजी है," और इसी विचारधारा को केंद्र में रखते हुए संस्था ने अनेक अभिनव कार्यक्रमों और पहलों को जन्म दिया है।

संस्था महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई, ब्यूटीशियन, हस्तशिल्प, कंप्यूटर शिक्षा, और अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करती है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। साथ ही, 'आत्मनिर्भरता अभियान' के अंतर्गत उन्हें स्वरोजगार और लघु उद्यमों की स्थापना हेतु मार्गदर्शन, संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में कमायनी फ़ाउंडेशन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिला स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करती है, जिसमें स्त्री रोग संबंधी परामर्श, स्वच्छता जागरूकता और पोषण संबंधी जानकारी दी जाती है।

नेतृत्व क्षमता विकास के अंतर्गत संस्था महिलाओं को पंचायतों, सामाजिक संस्थाओं और सामुदायिक मंचों पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है, जिससे वे नीति निर्माण और सामाजिक संवाद में भागीदार बन सकें। इसके अतिरिक्त, स्व-सहायता समूहों (SHGs) के माध्यम से महिलाओं को संगठित कर उन्हें वित्तीय, सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त किया जाता है, ताकि वे सामूहिक रूप से अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें और सामुदायिक विकास में योगदान दे सकें।

"कामायनी फ़ाउंडेशन केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक विचार है—एक ऐसा आंदोलन जो समावेशिता, समानता और आत्मसम्मान को बढ़ावा देता है। यह संगठन समाज के उन कोनों तक पहुँचने का प्रयास करता है जहाँ आशा की किरण अभी धुंधली है, और वहाँ उजाला फैलाने के लिए शिक्षा, सेवा और सशक्तिकरण को अपना माध्यम बनाता है।"

# OUR MISSION

कामायनी फ़ाउंडेशन का मिशन है समाज के वंचित और उपेक्षित वर्गों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से सशक्त बनाना। हम समावेशी विकास को बढ़ावा देते हैं, जहाँ हर व्यक्ति को गरिमा, अवसर और आत्मनिर्भरता का अधिकार मिले। हमारा उद्देश्य है ऐसे कार्यक्रमों और पहलों का संचालन करना जो जमीनी स्तर पर प्रभाव डालें और सामाजिक न्याय, समानता एवं सामूहिक चेतना को मजबूत करें।



OUR VISION

## OUR VISION

हम एक ऐसे समाज की कल्पना करते हैं जहाँ हर महिला, हर बच्चा और हर समुदाय अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो, आत्मनिर्भर हो और सामाजिक विकास में सक्रिय भागीदार बने। कामायनी फ़ाउंडेशन का दीर्घकालिक दृष्टिकोण है एक समावेशी, संवेदनशील और सशक्त भारत का निर्माण, जहाँ सामाजिक परिवर्तन केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक जीवंत और सतत प्रक्रिया हो।





प्रवीन कुमार
संस्थापक

# संस्थापक का संदेश

प्रिय साथियों,

कामायनी फ़ाउंडेशन की स्थापना एक ऐसे सपने के साथ हुई थी जिसमें हर व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य और समान अवसर उपलब्ध हों। जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी नहीं पहुँचती, तब तक वास्तविक प्रगति अधूरी रहती है। हमारा विशेष ध्यान महिला सशक्तिकरण पर है, क्योंकि मेरा दृढ़ विश्वास है कि –

**"अगर एक महिला शिक्षित और आत्मनिर्भर होती है
तो वह न केवल अपने परिवार, बल्कि
पूरे समाज को सशक्त बना देती है।"**

कामायनी फ़ाउंडेशन के माध्यम से हम महिलाओं को कौशल विकास, स्वरोजगार, स्वास्थ्य, जागरूकता और नेतृत्व के अवसर प्रदान कर रहे हैं। साथ ही, हम बच्चों की शिक्षा, युवाओं के कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी लगातार कार्य कर रहे हैं।

मैं सभी दानदाताओं, स्वयंसेवकों और शुभचिंतकों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने हमारे मिशन को आगे बढ़ाने में सहयोग दिया है। आपकी मदद और विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

"आइए हम सब मिलकर एक उज्जवल समाज का निर्माण करें!
जहाँ हर बच्चा शिक्षित हो, हर महिला सशक्त हो और हर परिवार
सम्मान और आत्मनिर्भरता के साथ जीवन जी सके।"

KAMAYANI
Foundation

"नारी शक्ति,राष्ट्र शक्ति"

# कामायनी फाउंडेशन की प्रमुख गतिविधियाँ एवं उद्देश्य

## निःशुल्क शिक्षा एवं विवाह सहायता

- ★ वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना।
- ★ एक स्कूल एवं मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का संकल्प।
- ★ जरूरतमंद एवं गरीब लड़कियों के लिए निःशुल्क विवाह समारोह आयोजित करना।
- ★ आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं को उच्च शिक्षा एवं करियर के अवसर प्रदान करना।
- ★ विभिन्न पहलों के माध्यम से वंचित बालिकाओं का सर्वांगीण सशक्तिकरण।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम

- ★ गरीब हिंदू परिवारों की लड़कियों के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन।
- ★ समाज में दहेज प्रथा एवं अनावश्यक खर्चों को कम करने की पहल।
- ★ सामाजिक समानता एवं भाईचारे को प्रोत्साहित करना।

## कौशल विकास एवं करियर उन्नति

- ★ मानव एवं सामाजिक कार्यों के महत्व पर जागरूकता फैलाना।
- ★ युवाओं एवं महिलाओं के लिए कौशल विकास व कैरियर ओरिएंटेड प्रशिक्षण।
- ★ विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं शैक्षिक पाठ्यक्रम आयोजित करना।
- ★ लोगों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु रोजगारपरक पहल।

## स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता

- ★ स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत की दिशा में योगदान।
- ★ शौचालय निर्माण, अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने का प्रयास।
- ★ कुपोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर जागरूकता अभियान।
- ★ पिछड़े एवं गरीब वर्गों की चुनौतियों का समाधान हेतु रणनीतिक कार्य।

महिलाओं के उत्थान एवं सामाजिक कार्य करने वाला एक गैर लाभकारी संगठन

★★★

## पर्यावरण एवं सामाजिक संतुलन

- ★ पर्यावरणीय स्थिरता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखना।
- ★ मानव एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना।
- ★ शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों का सहयोग और समर्थन।
- ★ स्वच्छता एवं स्वास्थ्य अभियानों का आयोजन।
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सामाजिक और
- ★ आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना।
- ★ पर्यावरणीय जागरूकता और संरक्षण को बढ़ावा देना।

## समाज कल्याण एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण

- ★ गरीब, विकलांग, बुजुर्ग, अनाथ और विधवाओं के कल्याण हेतु संस्थानों की स्थापना और संचालन।
- ★ घरेलू और कुटीर उद्योगों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराना। वंचित बच्चों और महिलाओं को नि:शुल्क शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण।
- ★ घरेलू हिंसा और बाल शोषण पीड़ितों को कानूनी सहायता प्रदान करना।
- ★ मानवाधिकार और सामाजिक न्याय को समर्थन और बढ़ावा देना।

★ **चिकित्सा सेवाएँ** – चिकित्सा शिविर और धर्मार्थ अस्पताल की स्थापना, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा शिविर। स्वास्थ्य कर्मियों, डॉक्टरों, लैब तकनीशियनों, केमिस्ट और अस्पताल कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य, महिलाओं एवं छात्राओं को नि:शुल्क नर्सिंग की ट्रेनिंग कराना।

★ **सामाजिक सौहार्द** – सभी धर्मों, संस्कृतियों, जातियों और विचारधाराओं के बीच सौहार्द और सम्मान को बढ़ावा देना।

★ **सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध संघर्ष** – हिंदू समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों और अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाना।

★ **शिक्षा एवं विकास** – वंचित हिंदू समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ और आर्थिक विकास के अवसर प्रदान करना।

★ **पारंपरिक कला एवं शिल्प** – भारत की पारंपरिक कला और शिल्प को बढ़ावा देना एवं पुनर्जीवित करना।

★ **साहित्य प्रकाशन** – संगठन के उद्देश्यों के प्रचार-प्रसार हेतु साहित्य का प्रकाशन और वितरण।

★ **धार्मिक सेवा** – हिंदू त्योहारों के अवसर पर भोजन एवं प्रसाद का वितरण।

★ **ऑडियो-वीडियो माध्यम** – संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए ऑडियो-वीडियो मीडिया का उपयोग करना।

★ **समाचार पत्र पंजीकरण** – भारत सरकार के समाचार पत्र रजिस्ट्रार (RNI) के साथ समाचार पत्र पंजीकृत कराना। हिंदू समुदाय से जुड़े मुद्दों और समाचारों को प्रकाशित करना।

★ **शाखा विस्तार** – संगठन के मुख्य उद्देश्यों को आगे बढ़ाने हेतु आवश्यकतानुसार नई शाखाओं की स्थापना।

KAMAYANI
Foundation
—Women's Power, Nation's Power—

नव वर्ष 2025 के पावन अवसर पर महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से कामायनी फ़ाउंडेशन की स्थापना की गई। इस शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि आदरणीय श्री नरेंद्र सिंह भाटी जी (पूर्व कैबिनेट मंत्री, वर्तमान में -एम.एल.सी. गौतमबुद्धनगर एम.एल.सी. गौतमबुद्धनगर एवं बुलंदशहर, भाजपा) तथा श्री संजय भैया जी (चेयरमैन, बिलासपुर नगर पालिका, भाजपा) ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, समाजसेवियों तथा गणमान्य मित्रगण की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ा दी।









# कामायनी फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय पर्वों का विस्तृत आयोजन

KAMAYANI Foundation




## राष्ट्रीय पर्व - NATIONAL FESTIVAL

कामायनी फाउंडेशन हर साल राष्ट्रीय पर्वों - स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, और गांधी जयंती - को अत्यंत उत्साह, देशभक्ति और गरिमा के साथ मनाती है। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य छात्रों और समुदाय में राष्ट्रीय गौरव, संवैधानिक मूल्यों और देश के महान नेताओं के आदर्शों के प्रति गहरी समझ विकसित करना है। संस्था का मानना है कि ये पर्व केवल अवकाश के दिन नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझने के महत्वपूर्ण अवसर हैं।


### 1. स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त)

स्वतंत्रता दिवस कामायनी फाउंडेशन के वार्षिक कैलेंडर का एक प्रमुख दिन होता है। इस दिन को आजादी के संघर्ष और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित किया जाता है।

### 2. गणतंत्र दिवस (26 जनवरी)

गणतंत्र दिवस को कामायनी फाउंडेशन द्वारा भारत के संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन होता है।




### 3. गांधी जयंती (2 अक्टूबर)

कामायनी फाउंडेशन द्वारा गांधी जयंती को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों - अहिंसा, सत्य और स्वच्छता - को याद करने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए मनाया जाता है।




इन तीनों राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन करके, कामायनी फाउंडेशन न केवल छात्रों में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करती है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए आवश्यक नैतिक और संवैधानिक मूल्यों से भी परिचित कराती है। यह पहल उन्हें अपने देश के इतिहास, संस्कृति और भविष्य के प्रति अधिक जागरूक और सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करती है।


KAMAYANI
Foundation

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस
# श्रमिक सम्मान, समाज का उत्थान

**कामायनी फाउंडेशन** की ओर से विशेष संदेश हर वर्ष 1 मई को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस यानी श्रम दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन सभी मेहनतकश लोगों को समर्पित है, जो अपने परिश्रम, ईमानदारी और समर्पण से समाज की बुनियाद को मजबूत बनाते हैं। चाहे खेतों में काम करने वाले किसान हों, निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूर, फैक्ट्रियों में पसीना बहाने वाले श्रमिक हों या किसी संस्थान में दैनिक श्रम से जुड़े लोग - हर किसी का योगदान समाज के विकास में अमूल्य है। **कामायनी फाउंडेशन का यह मानना है** कि बिना श्रमिकों के योगदान के कोई भी देश, समाज या संस्था आगे नहीं बढ़ सकती। आज़ादी से लेकर विकास की हर कहानी में इन मेहनतकश हाथों की अहम भूमिका रही है। मगर अफसोस की बात है कि आज भी अनेक श्रमिक वर्ग आर्थिक तंगी, अशिक्षा, असमानता और शोषण का सामना कर रहे हैं।

## श्रमिक वर्ग के लिए संस्था की पहल:

- ★ निर्धन और श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा केंद्र।
- ★ महिलाओं के लिए सिलाई, कढ़ाई, कंप्यूटर, ब्यूटी पार्लर जैसी प्रशिक्षण सुविधाएँ।
- ★ स्वास्थ्य शिविर और पोषण पर जागरूकता अभियान।
- ★ श्रमिकों के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम।



## संस्था द्वारा श्रमिक दिवस पर लिए गए संकल्प:

- ★ श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।
- ★ महिलाओं एवं किशोरियों को स्वरोज़गार और कौशल विकास से सशक्त बनाया जाएगा।
- ★ श्रमिक वर्ग में स्वास्थ्य, स्वच्छता और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी।
- ★ हर मेहनतकश को सम्मान दिलाने के लिए समाज में सकारात्मक माहौल बनाया जाएगा।

## समाज के लिए सन्देश:

श्रम का सम्मान केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन होना चाहिए। जो लोग ईंट, पत्थर, लोहे और मिट्टी से समाज का ढांचा खड़ा करते हैं, उनके जीवन में भी खुशहाली और गरिमा होनी चाहिए। डॉ. अंबेडकर जी ने कहा था "जो समाज अपने श्रमिकों का सम्मान नहीं करता, वह कभी आगे नहीं बढ़ सकता।" इस श्रमिक दिवस पर आइए, हम सब मिलकर श्रमिकों को नमन करें, उनके अधिकारों और शिक्षा के लिए कार्य करें, ताकि हर मेहनतकश अपने जीवन में विकास और सम्मान महसूस कर सके।

# “महिला शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है”





आज कामायनी फ़ाउंडेशन के
कैंप कार्यालय, ग्रेटर नोएडा में महिला उत्थान को
समर्पित एक विशेष कार्यक्रम
आयोजित किया गया।
इस अवसर पर नारी शक्ति का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन
किया गया तथा
महिलाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण
विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।
सभी सम्मानित महिलाओं की उपस्थिति ने
इस आयोजन को और अधिक गरिमामयी
बना दिया।





# सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम

**हुनरमंद हाथों से आत्मनिर्भरता की ओर...**

KAMAYANI Foundation

"कामायनी फ़ाउंडेशन" द्वारा आयोजित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम एक सशक्त पहल है जो महिलाओं, और किशोरियों को व्यावसायिक कौशल प्रदान करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जाता है। यह प्रशिक्षण न केवल सिलाई की तकनीकी शिक्षा देता है, बल्कि एक रचनात्मक मंच भी प्रदान करता है जहाँ प्रतिभागी अपनी कल्पनाशीलता को परिधान निर्माण, डिज़ाइनिंग और उद्यमिता में रूपांतरित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सिलाई मशीन का संचालन, कपड़ों की माप, कटिंग और सिलाई की बारीकियों के साथ-साथ ब्लाउज, सलवार-कुर्ता, बच्चों के वस्त्र, स्कूल यूनिफॉर्म, बैग और सजावटी वस्तुओं के निर्माण की प्रक्रिया सिखाई जाती है।

यह प्रशिक्षण सामाजिक बदलाव की नींव है- जहाँ हर हाथ में हुनर हो, हर महिला में आत्मविश्वास हो और हर परिवार में समृद्धि की किरण जगमगाए।

"कामायनी फ़ाउंडेशन" इस मिशन के माध्यम से महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्यरत है।

## प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य

- प्रतिभागियों को सिलाई की मूल तकनीकें सिखाना
- फैशन डिजाइन, परिधान निर्माण और मरम्मत के कौशल में दक्षता प्राप्त कराना
- स्वरोज़गार और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना
- हस्तनिर्मित वस्त्रों को बाज़ार में प्रस्तुत करने की योग्यता विकसित करना




## प्रमाण पत्र एवं अवसर

- प्रशिक्षण पूर्ण होने पर संस्था की ओर से मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र
- स्थानीय प्रदर्शनी में सहभागिता का अवसर
- स्वरोज़गार या समूह उद्यम के लिए मार्गदर्शन व सहयोग

**हमारा संकल्प- हर महिला सशक्त हो, हर हाथ हुनरमंद हो, और हर प्रतिभा को पहचान मिले।**

# आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम

KAMAYANI Foundation

**कामायनी फ़ाउंडेशन** की पहल आज के दौर में केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन यापन के लिए आवश्यक कौशल और संसाधनों का होना भी अत्यंत आवश्यक है। समाज के वंचित वर्गों, खासतौर पर गरीब, महिलाओं, युवाओं और श्रमिक परिवारों के लोगों के लिए **Livelihood Training** यानी जीवन यापन प्रशिक्षण एक नई उम्मीद लेकर आता है। **कामायनी फ़ाउंडेशन** का यह मानना है कि सशक्त समाज की नींव तभी रखी जा सकती है, जब हर व्यक्ति के पास सम्मानजनक रोज़गार का अवसर हो। इसी सोच के साथ समिति द्वारा विभिन्न **Livelihood Training** कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को आत्मनिर्भर बनाना हैहै।

**संस्था की कार्यशैली:** स्थानीय ज़रूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण: गाँव-गाँव जाकर क्षेत्रीय मांग के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम।
**सभी वर्गों के लिए अवसर:** महिला, युवक-युवतियाँ, श्रमिक परिवारों के लिए विशेष सुविधाएँ।
**प्रशिक्षण के बाद मार्गदर्शन:** स्वरोज़गार शुरू करने में सहयोग, बाज़ार से जोड़ना और सरकारी योजनाओं की जानकारी।
**प्रेरणा और आत्मनिर्भरता:** हर प्रशिक्षणार्थी को आत्मविश्वासी, सक्षम और समाज में सम्मानित बनाना।

## कार्यक्रम के मुख्य उददेश्य:

बेरोजगार युवाओं को स्वरोज़गार एवं रोजगार योग्य कौशल प्रदान करना। महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाना। ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्र में विकास के नए अवसर खड़े करना। शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक दक्षता का विकास। सामाजिक सम्मान एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देना।

## संस्था की प्रमुख गतिविधियाँ:

ब्यूटी पार्लर एवं सौंदर्य सेवा प्रशिक्षण। सिलाई-कढ़ाई एवं परिधान निर्माण प्रशिक्षण। कंप्यूटर साक्षरता एवं डिजिटल कौशल विकास। हस्तशिल्प, मिट्टी कला एवं पारंपरिक शिल्प कौशल। सॉफ्ट स्किल्स, इंटरव्यू तैयारी एवं उद्यमिता विकास। माइक्रो-बिज़नेस और स्वरोज़गार स्टार्टअप मार्गदर्शन।



# — कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम —

डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम

**"कामायनी फाउंडेशन"** द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम एक ऐसा सराहनीय प्रयास है जो ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं, विशेष रूप से महिलाओं और छात्रों को डिजिटल दुनिया से जोड़ने हेतु सशक्त बनाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान, डिजिटल कौशल, और रोज़गार योग्यता प्रदान करना है ताकि वे तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सार्थक योगदान दे सकें।

इस कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इसमें सीखने का वातावरण प्रेरक, सहभागी और सुलभ होता है— जहाँ प्रशिक्षक न केवल तकनीक सिखाते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और समय प्रबंधन जैसे जीवन-कौशल भी विकसित करते हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त प्रमाण - पत्र प्रदान किया जाता है, जिससे वे अपनी योग्यता को प्रमाणित कर सकें।







## प्रशिक्षण के प्रमुख उद्देश्य

- ★ बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान देना
- ★ डिजिटल दुनिया में आत्मविश्वास और दक्षता बढ़ाना
- ★ स्वरोजगार और नौकरी हेतु तकनीकी योग्यताओं का निर्माण
- ★ ग्रामीण युवाओं व महिलाओं को डिजिटल सशक्तिकरण की ओर अग्रसर करना

हमारा विश्वास:

डिजिटल ज्ञान आज की पढ़ाई ही नहीं, कल का रोज़गार भी है। आइए, तकनीक को ताकत बनाएँ।

KAMAYANI Foundation

# दिव्यांग जागरूकता कार्यक्रम

"समान अधिकार, समान अवसर

**कामायनी फाउंडेशन** की पहल समाज में दिव्यांगजन यानी शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को अक्सर सहानुभूति के बजाय उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। जबकि वास्तविकता यह है कि हर व्यक्ति में कुछ न कुछ विशेष क्षमता होती है। अगर सही मार्गदर्शन, शिक्षा, प्रशिक्षण और अवसर मिलें तो दिव्यांगजन भी समाज की मुख्यधारा में आ सकते हैं और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। **कामायनी फाउंडेशन** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, सम्मान और समान अधिकारों की दिशा में सतत प्रयासरत है। इसी कड़ी में संस्था द्वारा दिव्यांग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज में दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक सोच, सहानुभूति और अवसर निर्माण को बढ़ावा देना है।

## कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

- ✔ समाज में दिव्यांगजनों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना।
- ✔ शारीरिक, मानसिक या बौद्धिक रूप से अक्षम लोगों को शिक्षा और कौशल विकास से जोड़ना।
- ✔ दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना।
- ✔ सरकारी योजनाओं और सहायक संसाधनों की जानकारी देना।
- ✔ भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में कार्य करना।

**कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँः** दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं कानूनों पर व्याख्यान। प्रेरक कहानियों और सफल दिव्यांग व्यक्तित्वों का परिचय। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास की योजनाओं की जानकारी। दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष सहायता कार्यक्रम। समावेशी समाज के लिए सामूहिक संकल्प। प्रतिभावान दिव्यांगजनों का सम्मान समारोह।

## समाज के लिए संदेशः

"दिव्यांगता कोई कमजोरी नहीं, बल्कि एक विशेष स्थिति है। सही मार्गदर्शन, अवसर और समाज का सहयोग उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानित जीवन दे सकता है। हमें हर दिव्यांगजन को सम्मान, समान अवसर और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में मिलकर काम करना चाहिए।समाज तभी संपूर्ण होगा, जब हर व्यक्ति, हर वर्ग को समान अवसर मिलेगा।"



KAMAYANI
Foundation

# नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम — नशामुक्त समाज की पहल

**नशा आज समाज के लिए सबसे गंभीर समस्याओं में से एक बन चुका है। युवा पीढ़ी, छात्र, मजदूर वर्ग और यहां तक कि किशोर भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य, भविष्य, परिवार और पूरा समाज प्रभावित हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए "कामायनी फाउंडेशन" द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, आत्म-नियंत्रण रखने और नशे से पूरी तरह दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।**

## कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ:

नशे के दुष्प्रभावों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान।
स्कूल-कॉलेज में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम।
नुक्कड़ नाटक, रैली एवं जनजागरूकता अभियान।
पूर्व नशाग्रस्त व्यक्तियों की सफलता की प्रेरक कहानियाँ।
नशा छोड़ने के इच्छुक लोगों के लिए निःशुल्क परामर्श केंद्र की जानकारी।
पोस्टर, पर्चे, डिजिटल माध्यम से जागरूकता प्रसार।

## कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य:

- ✔ समाज में नशे के खिलाफ व्यापक जागरूकता फैलाना।
- ✔ युवाओं और किशोरों को नशे से दूर रखने के लिए मार्गदर्शन।
- ✔ नशे के कारण होने वाली बीमारियों, सामाजिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालना।
- ✔ नशा छोड़ने के इच्छुक लोगों को सहयोग और परामर्श देना।
- ✔ स्वस्थ, सशक्त और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देना।




## संस्था के मुख्य उददेश्य:

बेरोजगार युवाओं को स्वरोज़गार एवं रोजगार योग्य कौशल प्रदान करना। महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाना। ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्र में विकास के नए अवसर खड़े करना। शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक दक्षता का विकास। सामाजिक सम्मान एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देना।




नशा छोड़ो, जीवन संवारो।

## संस्था का समाज के लिए संदेश:

**नशा केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और देश का नुकसान करता है। हमें अपने बच्चों, युवाओं और प्रत्येक नागरिक को नशे से दूर रखने के लिए मिलकर प्रयास करना होगा। कामायनी फाउंडेशन सभी से अपील करती है कि नशामुक्ति अभियान में सहयोग करें और एक स्वस्थ, जागरूक और विकासशील समाज के निर्माण में भागीदार बनें।**

KAMAYANI
Foundation

# — सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम —

कामायनी फाउंडेशन हर साल सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करता है, जिसका उद्देश्य छात्रों और समुदाय के सदस्यों को सड़क सुरक्षा नियमों और सावधानियों के प्रति शिक्षित करना है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से वर्तमान समय में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए अत्यंत ज़रूरी है। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के संस्थापक श्री प्रवीन कुमार के प्रेरणादायक भाषण से हुआ, जिन्होंने सड़क सुरक्षा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़क पर हर व्यक्ति की सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं:

**विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान:** सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों और यातायात पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को यातायात नियमों, संकेतों और सुरक्षित ड्राइविंग/पैदल चलने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तेज गति से वाहन चलाने, शराब पीकर गाड़ी चलाने और हेलमेट व सीट बेल्ट न पहनने के गंभीर परिणामों पर प्रकाश डाला।

## प्रदर्शन और कार्यशालाएं:

छात्रों को सुरक्षित साइकिल चलाने, पैदल चलने के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें और आपातकालीन स्थितियों में क्या करें, जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रदर्शन दिखाए गए।




> यह कार्यक्रम कामायनी फाउंडेशन के सामुदायिक कल्याण के प्रति समर्पण को दर्शाता है। संस्था का मानना है कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम न केवल दुर्घटनाओं को कम करने में मदद करेंगे, बल्कि एक जिम्मेदार और सुरक्षित समाज के निर्माण में भी सहायक होंगे।

## जागरूकता सामग्री का वितरण

### नुक्कड़ नाटक और चित्रकला प्रतियोगिता



KAMAYANI
Foundation

"नारी शक्ति,राष्ट्र शक्ति"

**15 जनवरी 2025 मकर संक्रांति के पावन अवसर पर #KamayaniFoundationNGO द्वारा ग्रेटर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंद लोगों के बीच खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था का उद्देश्य इस सेवा कार्य के माध्यम से समाज में सहयोग, सद्भावना और आपसी भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करना है।**













"त्योहार तभी सार्थक है, जब उसकी खुशी समाज के हर वर्ग तक पहुँचे।"

KAMAYANI
Foundation

"सेवा ही सच्ची साधना है।"

**16 January 2025** आज जिला कारागार गौतमबुद्ध नगर में #KamayaniFoundationNGO द्वारा जरूरतमंद कैदियों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर फ़ाउंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रवीन कुमार सैन ने जेल अधीक्षक श्री बिर्जेश सिंह, जेलर श्री राजीव सिंह एवं डिप्टी जेलर श्री शिशिर कुशवाहा के साथ मिलकर कैदियों को कंबल वितरित किए।यह पहल ठंड के मौसम में मानवीय संवेदनाओं को सशक्त करने एवं समाज के हर वर्ग तक सेवा की भावना पहुँचाने का एक सराहनीय प्रयास है।











KAMAYANI
Foundation

"मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।"

18 January 2025 गौतमबुद्ध नगर के ग्राम सिरसा, लड़पुरा, घंघोला, सलेमपुर एवं ऐच्छर में #KamayaniFoundationNGO द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच गर्म कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस सेवा कार्य में कमायनी फ़ाउंडेशन के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और ठंड के मौसम में जरूरतमंद लोगों की मदद करने का संकल्प दोहराया।











KAMAYANI
Foundation

"जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्ति है।"

29 January 2025 कामायनी फ़ाउंडेशन द्वारा काशी विश्वनाथ की पावन नगरी वाराणसी में विभिन्न स्थानों पर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य ठंड के मौसम में वंचित वर्ग को राहत पहुँचाना और मानवीय संवेदनाओं को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों एवं समाजसेवियों ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता की और फ़ाउंडेशन की इस जनसेवा पहल की सराहना की।













"महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र के सशक्त भविष्य की नींव है।"

# -:कामायनी धर्मशाला:-

KAMAYANI Foundation

दिनांक 11/04/2025 को हिन्दू धर्म सम्राट परम पूज्या दीदी @SadhviPrachi जी के करकमलों द्वारा कामायनी फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित कमायनी धर्मशाला का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया। यह धर्मशाला समाज की सेवा और विशेषकर महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से समर्पित है। कामायनी फ़ाउंडेशन निरंतर महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाने हेतु कार्यरत है।







# Print News

## कामायनी फाउंडेशन की सराहनीय पहल शिक्षा, स्वास्थ्य व शादी हेतु गरीब परिवारों की कर रहे हैं आर्थिक सहायता




**ग्रेटर नोएडा** ! कामायनी फाउंडेशन ग्रेटर नोएडा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शादी हेतु गरीब परिवारों की आर्थिक सहायता हेतु बढ़-चढ़कर प्रयास कर रही है। कामायनी फाउंडेशन के संस्थापक/अध्यक्ष प्रवीण कुमार सेन ने बताया कि कामायनी फाउंडेशन के द्वारा ग्रेटर नोएडा कासना में रह रहे गरीब परिवार को पुत्री की सहायक शादी हेतु एक लाख इक्यावन हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की ' प्रवीण कुमार सेन ने कहा कि कामायनी फाउंडेशन आगे भी इसी प्रकार से गरीब परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शादी हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि कामायनी फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री, कंबल वितरण एवं अन्य सहायता की जाती रहेगी। इस दौरान कामायनी फाउंडेशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीन कुमार सैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट कविता नागर, सदस्य भारती उपाध्याय, कमल चावड़ा, अनिरुद्ध त्यागी अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जगत क्रान्ति 5

## कामायनी फाउंडेशन ने गरीब बिटिया की शादी हेतु 151000 से की आर्थिक सहायता




**ग्रेटर नोएडा :** कामायनी फाउंडेशन ग्रेटर नोएडा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शादी हेतु गरीब परिवारों की आर्थिक सहायता हेतु बढ़-चढ़कर प्रयास कर रही है। कामायनी फाउंडेशन के संस्थापक/अध्यक्ष प्रवीण कुमार सेन ने बताया कि कामायनी फाउंडेशन के द्वारा ग्रेटर नोएडा कासना में रह रहे गरीब परिवार को पुत्री की शादी हेतु 151000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। श्री सेन ने कहा कि कामायनी फाउंडेशन आगे भी इसी प्रकार से गरीब परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शादी हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि कामायनी फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री, कंबल वितरण एवं अन्य सहायता की जाती रहेगी। इस दौरान कामायनी फाउंडेशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीन कुमार सैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट कविता नागर, सदस्य भारती उपाध्याय,कमल चावड़ा, अनिरुद्ध त्यागी अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कामायनी फाउंडेशन की सराहनीय पहल: गरीब परिवारों को मिल रही आर्थिक सहायता




**फ्यूचर लाइन टाईम्स-ग्रेटर नोएडा।** शिक्षा, स्वास्थ्य और शादी के लिए जरूरतमंदों की मदद कर रहा काउंडेशन ग्रेटर नोएडा, संवाददाताः समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहा कामायनी फाउंडेशन लगातार गरीब और जरूरतमंद परिवारों की सहायता कर रहा है। संस्था ने हाल ही में ग्रेटर नोएडा के कासना क्षेत्र में रहने वाले एक गरीब परिवार की बेटी की शादी के लिए ₹1,51,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। कामायनी फाउंडेशन के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार सेन ने बताया कि संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य और विवाह के लिए जरूरतमंदों को मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें।" फाउंडेशन समय-समय पर खाद्य सामग्री, कंबल वितरण और अन्य सामाजिक कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन भी करता रहता है। संस्था ने इस बार का संकल्प लिया है कि आगे भी इस तरह की सहायता जारी रखी जाएगी ताकि अधिक से अधिक गरीब परिवारों को राहत मिल सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट कविता नागर, सदस्य भारती उपाध्याय, कमल चावड़ा, अनिरुद्ध त्यागी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कामायनी फाउंडेशन की इस सराहनीय पहल की क्षेत्र में खूब प्रशंसा हो रही है, और यह समाज में दया, परोपकार और सहयोग की भावना को और मजबूत कर रहा है।

## कामायनी फाउंडेशन की सराहनीय पहल

### शिक्षा, स्वास्थ्य व शादी हेतु गरीब परिवारों की कर रहे हैं आर्थिक सहायता

### कामायनी फाउंडेशन ने गरीब बिटिया की शादी हेतु 151000 से की आर्थिक सहायता

इण्डिया डायरेक्ट न्यूज




ग्रेटर नोएडा : कामायनी फाउंडेशन ग्रेटर नोएडा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शादी हेतु गरीब परिवारों की आर्थिक सहायता हेतु बढ़-चढ़कर प्रयास कर रही है। कामायनी फाउंडेशन के संस्थापक/अध्यक्ष प्रवीण कुमार सेन ने बताया कि कामायनी फाउंडेशन के द्वारा ग्रेटर नोएडा कासना में रह रहे गरीब परिवार को पुत्री की सहायक शादी हेतु 151000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

श्री सेन ने कहा कि कामायनी फाउंडेशन आगे भी इसी प्रकार से गरीब परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शादी हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि कामायनी फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री, कंबल वितरण एवं अन्य सहायता की जाती रहेगी।

इस दौरान कामायनी फाउंडेशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीन कुमार सैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट कविता नागर, सदस्य भारती उपाध्याय,कमल चावड़ा, अनिरुद्ध त्यागी अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# KAMAYANI
## Foundation

Office: FF-116, Meridian View Plaza, Alpha-1, Commercial Belt,
Greater Noida - 201310 (U.P.)
Email: kamayanifoundation@gmail.com
Contact Us : +91 9220743714